राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## सरदार पटेल की छवि पर श्रद्धासुमन अर्पित कर किया भावभरा स्मरण

## राज्यपाल श्री बागडे ने राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई

जयपुर, 31 अक्टूबर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने शुक्रवार को राजभवन में लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की छवि पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद रियासतों के एकीकरण से देश को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य सरदार वल्लभ भाई पटेल ने किया।

राज्यपाल ने उनका भावभरा स्मरण करते हुए राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड की बैठक में सभी को राष्ट्रीय एकता की शपथ भी दिलाई।

———————



